सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - २ अंक - ६ १ | सोमवार – ०६/१०/२०२५ | पृष्ठ – ४ | प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को भारत आने का न्योता देकर सरकार ने संकेत दिया है कि शांति समझौता कराने में नई दिल्ली सक्रिय भूमिका निभा सकती है। इस कदम का स्वागत होना चाहिए। रूस और यूक्रेन को अगर भारत बातचीत की मेज पर ले आता है, तो यह पूरी दुनिया के हित में होगा।

बातचीत ही रास्तारू पिछले साल अगस्त में नरेंद्र मोदी यूक्रेन जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने थे। इससे पहले उन्होंने रूस की यात्रा की थी। दोनों जगह उन्होंने भारत का रुख स्पष्ट किया कि शांति बहाल होनी चाहिए, यह युद्ध का दौर नहीं है। हाल में अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन के बीच हुई शिखर वार्ता का भी भारत ने स्वागत करते हुए कहा था कि बातचीत व कूटनीति ही आगे बढ़ने का रास्ता है।

ट्रंप के दोबारा सत्ता संभालने से लेकर अभी तक, यूक्रेन युद्ध का समीकरण काफी कुछ बदल चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति चाहते हैं कि यह लड़ाई जल्द से जल्द खत्म हो। लेकिन, उनकी यह जल्दबाजी नीतियों में अस्थिरता के रूप में सामने आ रही है। कभी वह जेलेंस्की पर दबाव बनाने की कोशिश करते हैं, कभी पूतिन पर। हालांकि जब तक सहमति न बने, शांति थोपी नहीं जा सकती। इस मामले में भारत का नजरिया शुरू से संतुलित रहा है कि रूस और यूक्रेन, दोनों को शामिल किए बिना समस्या का हल नहीं निकाला जा सकता। यूक्रेन को लेकर ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन की पॉलिसी ने अमेरिका की साख को चोट पहुंचाई है, जबकि भारत ने शुरुआत से स्टैंड क्लियर रखा कि वह किसी के साथ नहीं, युद्ध के खिलाफ है। यूरोप और अमेरिका के दबाव डालने के बावजूद उसने किसी एक के पक्ष में खड़े होना नहीं चुना। यूक्रेन भी अब इस बात को मान रहा है कि भारत का रुख श्न्यूट्रलश नहीं, बल्कि वह शांति, कूटनीति और राजनीतिक संवाद का समर्थन कर रहा है।

## नीमच पुलिस ने किया चोरी का खुलासा - महाराष्ट्र ओर उत्तरप्रदेश से नकदी ओर रेनॉल्ड क्वीड कार के साथ किया चोरो को गिरफ्तार l

**भाई बहन ओर बहन का प्रेमी , संग मिलकर देते थे वारदात को अंजाम**

नीमच पुलिस ने शहर के केंट थाना क्षेत्र में हुई एक चोरी का खुलासा करते हुए तीन सदस्यीय अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना फिरोज आलम, उसकी बहन के बॉयफ्रेंड दीपक सोनी और साथी अशरफ अंसारी को महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने चोरी की गई 10,000 रुपए की नगदी और वारदात में इस्तेमाल की गई रेनॉल्ट क्विड कार (आरजे14वीसी 3746) भी जब्त कर ली है। शुरू की।जांच के दौरान, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और



साइबर सेल की तकनीकी सहायता का उपयोग किया। फुटेज में आरोपियों की पहचान एक ब्रॉन्ज कलर की क्विड कार से हुई। इसके बाद पुलिस ने 300 किलोमीटर के दायरे में टोल प्लाजा और अन्य कैमरों का विश्लेषण किया, जिससे तीनों आरोपियों को अलग–अलग राज्यों से गिरफ्तार करने में सफलता मिली।मुख्य आरोपी फिरोज आलम उत्तर प्रदेश के उन्नाव का निवासी है। उसकी बहन की पहचान फेसबुक के माध्यम से राजस्थान के सुवासरा निवासी दीपक सोनी से हुई थी।इसी दौरान दीपक और फिरोज भी एक–दूसरे के संपर्क में आए। दोनो की समान सोच के कारण उन्होंने मिलकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने की योजना बनाई, जिसमें बाद में मुंबई निवासी अशरफ अंसारी भी शामिल हो गया।

## एपी के छिंदवाडा में 14 बच्चों की मौत - कोल्ड्रिफ सिरप बनाने वाली कंपनी पर एक्शन की तैयारी , तीन राज्यो मे दवाई प्रतिबंधीत l

**२७ दिन में १४ बच्चां की मौत सभी की उम्र ५ साल से कम**

कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली कंपनी श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के खिलाफ सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन सख्त कार्रवाई करने की तैयारी में है। इस कफ सीरप से मध्यप्रदेश में 27 दिन में 14 बच्चों की मौत हो गई थी। इन सभी की उम्र एक से 5 साल के बीच थी।

कोल्ड्रिफ दवा की मैन्युफैक्चरिंग तमिलनाडु के कांचीपुरम में हो रही थी। अब इसे देश के तीन राज्यों (मध्य प्रदेश, केरल और तमिलनाडु) में बैन कर दिया गया है। देशभर में दवाईयों को कंट्रोल करने वाली संस्था सीडीएससीओ दवा कंपनी के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए तमिलनाडु फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) को लिखेगा। तमिलनाडु के ड्रग




डिपार्टमेंट के अधिकारियों की जांच में खुलासा हुआ है कि कोल्ड्रिफ कफ सिरप में 48.6: डाईथाइलीन ग्लॉयकाल की मिलावट है। यह एक जहरीला केमिकल है। मध्य प्रदेश में कोल्ड्रिफ से 14 मौतें छिंदवाड़ा में – एमपी के छिंदवाड़ा में कफ सिरप पीने से 14 बच्चों की मौत हुई है। पहला संदिग्ध मामला 24 अगस्त को सामने आया था। पहली मौत 7 सितंबर को हुई थी। इसके बाद 15 दिन में किडनी फेल होने से एक–एक कर 6 बच्चों की मौत हो गई। एमपी स्टेट फूड एंड ड्रग कंट्रोलर दिनेश कुमार मौर्य ने शनिवार को बताया, कोल्ड्रिफ सिरप में डायएथिलीन ग्लाइकॉल पाया गया, इसकी मात्रा तय मात्रा से ज्यादा थी। इसी कारण यह सिरप विषैला पाया गया । सीएम मोहन यादव ने कोल्ड्रिफ कफ सिरप पीने से मरने वाले बच्चों के परिवारों को 4–4 लाख रुपए की मदद देने की घोषणा की।(खबर डीबी ऐप्प के सौजन्या से )

## सीनीयर सेंकडरी स्कुल तोडकर सीएम राइज स्कुल बनाने पर विराध में छात्रों ने घेरा विधायक निवास l

**अधिकारीयो के अश्वासन पर खत्म हुआ प्रर्दशन ।**

नीमच में शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 की इमारत को सीएम राइज स्कूल के निर्माण के लिए तोड़े जाने की सूचना से भड़के छात्र–छात्राओं ने रविवार दोपहर बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। छुट्टी होने के बावजूद बड़ी संख्या में विद्यार्थी सड़क पर उतर आए और विधायक दिलीप सिंह परिहार के निवास के बाहर बैठ गए। इस दौरान घंटों नारेबाजी हुई। पढ़ाई प्रभावित होने और बस सुविधा की चिंता – छात्रों ने कहा कि यह कूल क्षेत्र का एक प्रमुख और पुराना शिक्षा केंद्र है। इसे तोड़े जाने स से उनकी पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित होगी। वरोध का एक मुख्य कारण यह भी था कि उन्हें वर्तमान सीएम राइज स्कूल में सुबह की शिफ्ट में शिफ्ट किया जा रहा है। गांव से आने वाले विद्यार्थियों ने चिंता जताई कि बस सुविधा नहीं होने के कारण उन्हें समय पर पहुंचना मुश्किल होगा। छात्रों ने मांग की है कि क्रमांक 2 स्कूल में सीएम राइज स्कूल नहीं बनाया जाए, बल्कि इसे अन्य स्थान पर बनाया जाए।

## कुकडेश्वर पुलिस ने 36 किलो डोडाचुरा के साथ एक युवक को पकडा l

**3 अक्टुम्बर को पुलिस ने नाकाबंदी कर युवक को पकडा।**



कुकड़ेश्वर पुलिस टीम ने 3 अक्टूबर 2025 को टामोटी रोड पर नाकाबंदी की थी। इस दौरान एक सफेद रंग की वेन्यू कार (एमपी09एपी4523) को रोका गया। तलाशी लेने पर कार में दो काले प्लास्टिक के कट्टे मिले, जिनमें कुल 36 किलो अवैध डोडाचूरा भरा था। जब्त डोडाचूरा की अनुमानित कीमत 75,000 रुपए और कार की कीमत 8 लाख रुपए बताई है।

पुलिस ने वाहन चालक तेजराम उर्फ तेजु पिता रतनलाल गुर्जर (49 वर्ष), निवासी मालखेड़ा, थाना रामपुरा को मौके से गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ कुकड़ेश्वर थाने में अपराध क्रमांक 260/25 के तहत धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह मादक पदार्थ कहां से लाया गया था और इस तस्करी रैकेट में अन्य कौन लोग शामिल हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक भीमसिंह सिसोदिया और कुकड़ेश्वर पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

## सरकारी नौकरी का झाँसा देकर 200 लडकियों को बंधक बनाया सोशल मीडिया पर लडको को फसाने का दबाव

**मामला छत्तीसगढ के दुर्ग का है । सरकारी नौकरी का झाँसा देकर 200 लडकीयो को बंधक बनाया गया ।**

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में सरकारी नौकरी का झांसा देकर लड़कियों को बंधक बनाया गया। उनसे मार्केटिंग का काम करवाया जाता था, लेकिन सैलरी नहीं दी जाती थी। कंपनी की 5–10 लड़कियां इन्हें कहती थी कि फेसबुक–इंस्टाग्राम पर लड़कों को फंसाओ, कंपनी में बुलाओ, तभी पेमेंट मिलेगा। मामला पद्मनाभपुर थाना थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, कंपनी का नाम गुडवे फैशन प्राइवेट लिमिटेड है। जो कि कॉस्मेटिक और कपड़े का मार्केटिंग करती है। बोरसी के कदम प्लाजा में अलग–अलग जिलों से करीब 150 से 200 लड़कियां बंधक बनाई गई हैं।सभी लड़कियां एक–दूसरे के जरिए कंपनी में पहुंची थी। पीड़ित लड़कियों का आरोप है कि उन्हें 25 से 30 हजार रुपए सैलरी वाली नौकरी का झांसा देकर बुलाया गया, फिर बंधक बना लिया गया। मोबाइल छीन लिए गए, घर वालों से बात नहीं करने दी गई और आधी रात को लड़कों को सोशल मीडिया के जरिए फंसाने का दबाव बनाया गया। ये करने कंपनी की 5– 10 लड़कियां इन पर दबाव बनाती हैं। इनकी प्रताड़ना से तंग आकर भानुप्रतापपुर की लड़की सुसाइड करने जा रही थी। लेकिन बाकी लड़कियों ने उसे रोक लिया। हालांकि, इस मामले में पीड़िताओं की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## भावांतर योजना के प्रति जन जागरूकात के लिए निकाली मनासा में रेली ।

भावांतर योजना तहत सोयाबीन विक्रय के लिये व्यापक प्रचार–प्रसार एवं जन जागरूकता के लिये मनासा में शनिवार को मानस विधायक श्री अनिरूद्व माधव मारू के नेतृत्व में टेक्टर एवं बाईक वाहन रैली निकाली गई । यह रैली कृषि उपज मंडी से प्रारंभ हो कर कारगील चोराहा, बस स्टेंड, रामपुरा नाका ,मंदसौर नाका होते हुए वापस कारगील चौराहे पर समापन हुआ। रैली के समापन पर विधायक ने किसानो को मिठाई खिलाकर भावांतर योजना का शुभारंभ किया । रैली में एसडीएम सुश्री किरण आंजना सहित राजस्व, कृषि एवं मंडी समिति के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इसी प्रकार जिले के जावद विकासखण्ड में योजना के प्रचार–प्रसार एवं जन जागरूकता के लिए ट्रैक्टर एवं बाइक रैली मंडी प्रांगण जावद से प्रारंभ होकर बस स्टेंड, अठाना दरवाजा, लक्ष्मीनाथ चौक, धान मंडी रामपुरा दरवाजा होते हुए मंडी प्रांगण आकर रैली का समापन हुआ ।में रेली में श्री श्याम काबरा नपा अध्यक्ष श्री सोहन माली , नपा उपाध्यक्ष श्री सूचित सोनी , श्री सचिन गोखरू सहित राजस्व, कृषि एवं मंडी समिति के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

## भांवतर भुगतान योजना के तहत सभी किसानों का पंजीयान कराए- कलेकटर चन्द्रा

**कलेक्टर ने की तैयारियों की समीक्षा।**

भांवातर भुगतान योजना के तहत जिले के सोयाबीन की उपज लेने वाले सभी किसानों का आनलाईन पंजीयन सुनिश्चित करवाए ।प्रयास करें कि कोई भी किसान पंजीयन से वंचित ना रहे। भांवातर योजना के तहत मण्ड्डी में उपज विक्रय के लिए आने वाले किसानों की सुविधा के लिए भी सभी आवश्यक प्रबंध,व्यवस्थाए मण्डी समितियॉ सुनिश्चित करें । यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने भांवातर भुगतान योजना की तैयारियों के संबध में अधिकारियों की शुक्रवार को आयोजित बैठक में दिए।

कलेक्टर ने तीनों एसडीएम को निर्देश दिए कि वे मण्डी समितियों में नामजद अधिकारियों की ड्यूटी लगाए और भांवातर योजना के तहत खरीदी कार्य की पूर्व तैयारियों के संबंध में उपखण्ड्डस्ध्तर पर बैठके करवाएं। बैठक में बताया गया कि जिले में 71 पंजीयन केंद्र बनाए गये है।



डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)

https//:sbpatra.in


पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

SWATANTRA BODDHIK PATRA

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/













| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/ | होम पेज पर केटेगिरी मे जाए | ई-पेपर केटेगिरी चुने | समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे ! |

# नि:शुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल

# https://sbpatra.in/

# से डाउनलोड कर सकते है।


## स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)



**https//:sbpatra.in**



**पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध**